प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

09.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कलात्मक व रचनात्मक शौक विद्यार्थियों को अकादमिक दबाव से उत्पन्न तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से बुनियादी नियमों जैसे कि कूड़ा न फैलाना, सड़कों पर नहीं थूकना, यातायात नियमों का पालन करना और भोजन की बर्बादी से बचना आदि का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित दैनिक व्यवहार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय उत्पादों का चयन घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को इस पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के तनाव पर चर्चा करना और परीक्षाओं को उत्सव और जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए निभाना है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में एशियन विकास बैंक एडीबी के सहयोग से पर्यटन विकास परियोजनाओं पर 2 हजार 3 सौ 50 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। शिमला में आज पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल पर्यटन को ब्रांड के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से राज्य की आर्थिकी सुदृढ़ होगी और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए कनेक्टिविटी व अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पर्यटन विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इंदु बाला

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों को मौसम की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए शिमला जिला के कुफरी, चंबा के जोत और मंडी जिला के मुरारी देवी में डोप्पलर राडार स्थापित किए गए हैं। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने संसद में ये जानकारी दी। जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों और बागवानों को आंधी, तूफान और चक्रवात जैसी मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए मंत्रालय ने मिशन मौसम भी लॉंच किया है। उन्होंने इंदु बाला गोस्वामी को बताया कि हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों में 47 डोपलर वेदर राडार स्थापित किए गए हैं।

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि हिमुडा लोगों को किफायती आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला में आज हिमुडा की निदेशक मंडल की बैठक में उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा व बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महत्वकांक्षी टाउनशिप परियोजनाएं शुरू की जा रही है। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमुडा द्वारा शिमला के समीप जाठिया देवी में पहले चरण में 21 बीघा भूमि में करीब एक हजार 3 सौ 27 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से 9 सौ 19 यूनिट तैयार किए जाएंगे।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने बताया है कि नागर विमानन महानिदेशालय ने भौतिक स्मार्टकार्ड लाइसेंसों को बंद करने के लिए चरणबद्ध व सेवा सम्बद्ध परिवर्तन दृष्टिकोण अपनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने सिकंदर कुमार को बताया कि कमर्शियल पायलट लाइसेंस और फ्लाइट रेडियो टेलिफोन ऑपरेटर्स लाइसेंस जारी करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पायलट लाइसेंस का पहला चरण पिछले वर्ष 20 फरवरी को शुरू किया गया था। इसके बाद 21 जनवरी 2026 को एयरलाइन ट्रांसपोर्ट लाइसेंस को ईपीएल के दायरे में लाया गया है।

———————